**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कोरोना योद्धाओं व जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया भोजन

## विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को दवा के साथ मॉस्क भी बांटे

**लॉकडाउन**

**संवाददाता**

देहरादून, 30 मार्च। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्ताराखंड लॉकडाउन के चलते जरूरतमंदों, असहायों की लगातार विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं के साथ ही पुलिस कर्मचारियों, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना योद्धाओं को भोजन प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के साथ ही साथ सिविल डिफेंस भी लगातार भोजन की व्यवस्था कर रहा है।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के आह्वान पर आज जगतपुर खादर में रह रहे 100 परिवारों को प्रदेश महामंत्री पीके अग्रवाल एवं लक्ष्मी अग्रवाल ने राशन वितरण किया। इस अवसर पर पीके अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के अनेक स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को राशन उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर राजधानी के कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों के साथ ही हरीश कुकरेजा ने जरूरतमंद लोगों व असहाय लोगों ने भोजन उपलब्ध कराया और पुण्य कमाया। वहीं दूसरी ओर अन्य लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को दवा के साथ ही साथ मॉस्क भी बांटे हैं वहीं राजधानी के विभिन्न हिस्सों में कॉलोनियों के लोग भी जरूरतमंद व असहाय लोगों के लिए लगातार भोजन की व्यवस्था कर उन्हें खाना परोस रहे हैं। इस अवसर पर भोजन व्यवस्था में लगे हुए स्वयंसेवियों एवं लोगों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं रहने दिया जायेगा।

इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं में पुलिस कर्मचारियों, पत्रकारों, सीपीयू कर्मचारियों के साथ ही राह चलते लोगों के साथ ही जरूरमंद लोगों को नाश्ता व भोजन कराया और अपनी सेवा प्रदान की। वहीं अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी इस दौरान सक्रिय दिखाई दिये जो जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्थायें करने में जुटी रही। इस अवसर पर डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों व सीपीयू कर्मचारियों को चाय बिस्कुट वितरित किया। इस अवसर पर राजधानी के प्रमुख चौराहों में इन कर्मचारियों ने कोरोना योद्धाओं की सेवा करते हुए उन्हें चाय नाश्ता व भोजन कराया और कहा कि इस प्रकार की सेवा करने में आनंद की अनुभूति होती है वह इस प्रकार की सेवा में हर समय लगे रहते हैं।

इस अवसर पर अन्य सामाजिक संगठनों ने भी कोरोना योद्धाओं पुलिस कर्मचारियों, सीपीयू कर्मचारियों, मेडिकल कर्मचारियों, पत्रकारों आदि के साथ एवं जरूरतमंदों को चाय, बिस्कुट आदि प्रदान कर पुण्य कमाया। इसी प्रकार शहर के अनेक स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठन इस प्रकार की सेवायें देकर कोरोना फाईटरों की मदद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान कोरोना योद्धाओं की सेवा के लिए कई अन्य संस्थाओं के हाथ भी आगे आ रहे हैं।



**सराहनाः** सामाजिक संगठनों अन्य लोगों द्वारा इस प्रकार के कार्यों की जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सराहना की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार के कार्य करने वालों के लिए पास की भी व्यवस्था की जायेगी जिससे वह सामाजिक कार्य व जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध करा सकें। सामाजिक संगठनों का यह सिलसिला व्यापक स्तर पर चल रहा है।




**मोदी किचन की शुरूआत...**

लॉकडाउन में भारतीय जनता पार्टी के विधायक हरबंस कपूर व पार्टी के कार्यकर्ता मोदी किचन के द्वारा लोगों के लिए खाना बांटते हुए।

## न्यूज डायरी

### मोदी किचन में बढ़—चढ़कर सहयोग कर रही सामाजिक संस्थाएं

देहरादून **संवाददाता**। मसूरी विधायक गणेश जोशी की सराहनीय पहल मोदी किचन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए कई सामाजिक संस्थाओं एवं लोग बढ—चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इस अभियान के लिए जहां कई कार्यकर्ता दिन—रात मेहनत कर रहे हैं वहीं मंगलवार को गोरखा कल्याण परिषद के अध्यक्ष राज्यमंत्री सेनि ले. टीडी भूटिया ने विधायक गणेश जोशी को रुपये 31 हजार की धनराशि का चैक सौंपा ताकि मोदी किचन के लिए भोजन की सुलभ व्यवस्था हो सके। इस अवसर पर विधायक गणेश जोशी ने कहा कि वैश्विक महामारी के इस घड़ी में समाज के सभी समृद्ध व्यक्तियों को आगे आकर मदद के लिए हाथ बढ़ाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी—केयर्स अथवा मुख्यमंत्री राहत कोष में भी आप धनराशि को विभिन्न डिजीटल माध्यमों से जमा करवा सकते हैं। विधायक जोशी ने कहा कि हम सब पूरी तरह से इस संकट के दौरान प्रत्येक देशवासी के साथ खड़े हैं और किसी को भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग उपस्थित रहे।

### हरिद्वार में 30 लोगों को लिया हिरासत में

हरिद्वार **संवाददाता**। पथरी पुलिस ने नेपाल मूल के 30 लोगों को हिरासत में ले लिया है। ये लोग पथरी क्षेत्र में पैदल ही जा रहे थे। इन सभी को पुलिस ने एक कॉलेज में अलग—अलग कमरों में ठहराया है। थानाध्यक्ष सुखपाल सिंह मान ने बताया इन सभी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। जब तक लॉक डाउन चल रहा है। तब तक इन्हें बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा।

### पांच सौ से अधिक लोगों को भोजन सहित सैनिटाइजर व मास्क वितरित

**संवाददाता** देहरादून। लॉक डाउन के दौरान मिली छूट के चलते हुए विभिन्न संस्थाओं द्वारा मित्र लोक कॉलोनी, इंद्रानगर कॉलोनी, संजय कॉलोनी बलबीर रोड, गढ़वाली कॉलोनी, आईएसबीटी, आजाद कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर पर लोगों को समेत बाहर से आये ट्रक ड्राइवरों समेत आज भी लगभग 500 से अधिक लोगों को भोजन के साथ ही सैनिटाइजर व मास्क भी वितरित किए। इसी प्रकार से जब तक लॉकडाउन चलेगा और सरकार की इजाजत रहेगी तब तक संस्थाओं की ओर से भोजन, मास्क और सैनिटाइजर वितरित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर भोजन व राहत सामग्री वितरित करने में अनेकों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# शीशमबाड़ा गांव में कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाये जाने के विरोध जारी

**संवाददाता**

■ मेयर पर जान से खिलवाड़ का आरोप लगा पीएम को भेजा शिकायती ज्ञापन

देहरादून। शीशमबाड़ा गांव में कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाये जाने के विरोध में तथा लॉकडाउन का उल्लंघन कर दून मेयर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं कि शिकायत क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की है। इसके लिए उप जिलाधिकारी विकासनगर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। कहा कि इस दिशा में त्वरित कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि दून नगर निगम द्वारा शीशमबाड़ा गांव में कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाया गया है जोकि पूर्णतया मानकों को ताक पर रखकर बनाया गया है। उक्त प्लांट के पास पर्यावरण प्रदूषण विभाग द्वारा दी जाने वाली एनओसी को भी छह महीने से निरस्त कर दिया गया है। बिना एनओसी के कूड़ा निस्तारण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस में आपके द्वारा पूरे देश से जनता कर्फ्यू और लॉकडाउन की अपील की गयी थी जिसका पालन पूरा देश कर रहा है लेकिन देहरादून नगर निगम के महापौर सुनील उनियाल गामा, नगर आयुक्त विनय शंकर पांडे और रैमको कंपनी खुलेआम लॉकडाउन का उल्लंघन कर क्षेत्र के पाँच लाख लोगो के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि देहरादून नगर निगम, मसूरी नगर पालिका, विकासनगर नगर पालिका हरबर्टपुर नगर पालिका से लगभग पचास ट्रक कूड़े के शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केन्द्र में पहुंचाए जा रहे हैं यह कूड़े के ट्रक खुलेआम आबादी क्षेत्रो से होकर गुजर रहे हैं। इन कूड़े के ट्रकों से दूषित कूड़ा सड़कों पर फैलता हुआ कूड़ा निस्तारण केन्द्र में पहुंचता है। सर्वविदित है कि देहरादून में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज पाए गए हैं ऐसे में इन कूड़े के वाहनों के साथ कोरोना वायरस का संक्रमण पछवादून क्षेत्र में फैल सकता है।

### लॉकडाउन में जरुरतमंदों की मदद को आगे आने का आह्वान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधायक प्रत्याशी 2017, एआईसीसी, पीसीसी सदस्य, जिला एवं शहर अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारी गणों, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों, अनुषांगिक संगठन व विभागों के अध्यक्ष तथा जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों से अपील की है कि वे कोरोना महामारी के चलते अपने अपने क्षेत्रों में जरुरतमंदों की मदद करने के लिए आगे आयें। यहां जारी एक बयान में प्रीतम सिंह के निर्देश पर पार्टी के सभी विधायकगण एवं पदाधिकारियों द्वारा इस आपदा के समय जरुरतमंदों की मदद के लिए प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह स्वयं प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों व शहर अध्यक्षों, विधायकों तथा पदाधिकारियों से दूरभाष से लगातार संपर्क कर स्थिति का जायजा लेने के साथ ही आवश्यक निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री को लिखे एक अन्य पत्र में प्रीतम सिंह ने अन्य राज्यों में लॉकडाउन के चलते फंसे राज्यवासियों की घर वापसी के भी प्रबंध करने का अनुरोध किया है।